एक नजर में

पेंशन बहाली की मांग को लेकर निकाली तिरंगा यात्रा

वाराणसी : अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से शुक्रवार को पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) की पुनर्बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। आंबेडकर पार्क से डीएम कार्यालय तक यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में जिला संरक्षक रामचंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। (जासं)

जन-जागरुकता कार्यक्रम

वाराणसी : विकसित भारत के लिए नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला जेल में ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से विशेष जन-जागरुकता कार्यक्रम हुआ। संस्था के सदस्यों ने निरुद्ध बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें व्यसन मुक्त जीवन अपनाने की प्रतिज्ञा दिलाई। तापोशी दीदी ने कहा कि नशा सामाजिक स्तर पर भी दुष्प्रभाव डालता है। (जासं)

कार्यशाला कल

वाराणसी : भारतीय इतिहास संकलन समिति, काशी के तत्वावधान में वरिष्ठ इतिहासकार परिषद, काशी प्रांत की ओर से 23 अगस्त को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र (पार्श्वनाथ विद्यापीठ शोध संस्थान), वाराणसी के सभागार में होगा। इसमें "इतिहास प्रयोजन : ध्ययन, अनुसंधान एवं लेखन के संदर्भ में" चर्चा होगी। (जासं)

मणिकर्णिका घाट की गली में चल रही नाव ● जागरण

पुलकोहना क्षेत्र में घरों में घुसा पानी, मकान खाली करते लोग ● जागरण

दशाश्वमेध घाट पर छत से हो रही आरती

गंगा का जलस्तर बढ़ने से मणिकर्णिका घाट की छत पर हो रहा अंतिम संस्कार

जागरण संवाददाता, वाराणसी : गंगा का उफान विकराल रूप लेने लगा है। गंगा का पानी अब निचले रिहायशी इलाकों और तटीय गलियों की ओर बढ़ने लगा है। नदी के लगातार बढ़ते रुख के कारण शहर की धार्मिक गतिविधियों से लेकर अंतिम संस्कार तक की व्यवस्थाएं पूरी तरह बदल गई हैं। गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी से काशी के प्रमुख घाटों का नक्शा बदल गया है। मणिकर्णिका घाट पर पानी चढ़ने के कारण अब छतों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

वहीं, हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह के लिए गलियों का सहारा लेना पड़ रहा है। दशाश्वमेध घाट के डूबने से सामान्य गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई हैं। गंगा आरती अब दशाश्वमेध घाट की छत पर कराई जा रही है। नमो घाट का मुख्य सड़क से नीचे का पूरा निचला हिस्सा जलमग्न हो चुका है। शीतला घाट स्थित मां शीतला मंदिर परिसर तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है, जिससे पूजा-अर्चना और दर्शन प्रभावित हो रहे हैं। जलस्तर इसी गति से बढ़ता रहा, तो गंगा जल्द ही चेतावनी बिंदु के समीप पहुंच सकती है। अगले 24 घंटों को प्रशासन की ओर से अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है। तटीय बस्तियों में पानी घुसने की आशंका के चलते पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं।

गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण पानी में डूबा राजेंद्र प्रसाद घाट स्थित मंच ● जागरण

सलारपुर में 50 मकान जलमग्न स्कूलों में बनाए राहत शिविर

जासं, वाराणसी : जिले में नदियों के बढ़ते जलस्तर ने ग्रामीण इलाकों में तबाही मचानी शुरू कर दी है। सलारपुर गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। इसके चलते कई परिवारों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित ठिकानों की ओर पलायन करना पड़ रहा है। गांव के 50 से अधिक मकान पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। राजेश्वर श्याम, मालती और हीना देवी ने बताया कि जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलभराव के कारण लोग अपने जरूरी सामान, मवेशियों और रसजन के साथ सुरक्षित स्थानों तथा ऊंचे इलाकों की ओर शरण लेने को मजबूर हैं।

दशाश्वमेध और राजेंद्र प्रसाद घाट जलमग्न

- कई घाटों का आपस में संपर्क टूटा, जल पुलिस कार्यालय तक पहुंचा पानी, ड्रोन से निगरानी
- वरुणा और गंगा के निचले इलाकों में पानी घुसने से स्थानीय निवासियों की परेशानियां बढ़ीं

21 अगस्त सुबह आठ बजे का जलस्तर

- वर्तमान जलस्तर : 68.74 मीटर
- 20 अगस्त जलस्तर : 68.35 मीटर
- 24 घंटे में बदलाव : 39 सेंटीमीटर अधिक (गति : 20 मिमी प्रति घंटा)
- चेतावनी बिंदु : 70.262 मीटर
- खतरे का निशान : 71.262 मीटर
- सर्वोच्च जलस्तर : 73.901 मीटर

जागरण संवाददाता, वाराणसी : गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटीय इलाकों और निचले रिहायशी क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, बीते 24 घंटों में जलस्तर में 39 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शुक्रवार सुबह आठ बजे जलस्तर 68.74 मीटर पहुंच गया, जो खतरे के निशान से लगभग ढाई मीटर (2.52 मीटर) नीचे है। फिलहाल नदी दो सेंटीमीटर प्रति घंटे (20 मिलीमीटर प्रति घंटा) की रफ्तार से उफान पर है।

गंगा और वरुणा नदी के बढ़ते जलस्तर से तटीय बस्तियों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। राजेंद्र प्रसाद घाट पर बाढ़ का पानी घाट के फर्श के ऊपर तक आ चुका है। दशाश्वमेध घाट पर पानी चढ़कर जल पुलिस कार्यालय की चौखट तक पहुंच गया है। वरुणा और गंगा के निचले इलाकों में पानी घुसने से स्थानीय निवासियों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

सावन के 19 दिनों में 53.69 लाख श्रद्धालुओं ने किया बाबा का दर्शन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : सावन मास में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए देश दुनिया से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सावन के पहले 19 दिनों में 53 लाख 69 हजार 634 श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। अब तक तीन सोमवार को औसतन पांच लाख से साढ़े पांच लाख श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में हाजिरी लगाई है। मंदिर प्रशासन ने पूरे सावन माह में करीब 80 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया है।

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि सावन के शुरुआती तीन सोमवारों को ही 15 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेका है। सावन मास में प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए आ रहे हैं। विशेष तिथियों और पर्वों पर यह संख्या दोगुनी हो जाती है। बताया कि सावन मास के शेष दिनों में एक सोमवार और पूर्णिमा की विशेष तिथि पड़ रही है। इससे लगता है कि इस बार पूरे सावन महीने में बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने वाले भक्तों की कुल संख्या 80 लाख के आंकड़े को छू सकती है। उन्होंने बताया कि इस बार सावन माह में किए गए विशेष इंतजामों से श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत हो रही है। सामान्य परिस्थितियों में भक्तों को महज 25 से 30 मिनट में बाबा का दर्शन प्राप्त हो रहा है। आम श्रद्धालुओं को प्राथमिकता देते हुए वीआइपी दर्शन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जबकि दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था की गई है।

घर पर मुफ्त पौधा और ट्री-गार्ड देगा नगर निगम, टीम खुद करेगी रोपाई

जागरण संवाददाता, वाराणसी : काशी को फिर से 'आनंद-कानन' के रूप में विकसित करने के लिए नगर निगम ने शहरवासियों के लिए मुफ्त पौधा और ट्री-गार्ड उपलब्ध कराने की पहल शुरू की है। प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित इस योजना के तहत नागरिक स्मार्ट काशी ऐप या महापौर कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण करा सकेंगे। इसके बाद निगम की टीम आवेदक के घर, कालोनी, मोहल्ले या पार्क में पहुंचकर गड्ढा खोदने से लेकर पौधा लगाने और ट्री-गार्ड लगाने तक की जिम्मेदारी निभाएगी। एक पौधे और ट्री-गार्ड पर करीब 2,740 रुपये का खर्च निगम वहन करेगा। इस वर्ष 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है।

महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि 2024-25 में लगाए गए आठ हजार पौधों में 5,543 जीवित हैं, जबकि 2025-26 में लगाए गए 20 हजार में 19,269 सुरक्षित हैं। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि मौलश्री, अमलतास, नीम, अर्जुन, पीपल, पाकड़, बरगद और गुलमोहर जैसे पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे।

बीएलडब्ल्यू परिसर में महापौर ने रोपे 101 पौधे : प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नगर निगम ने मानसून में शहर में 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। शुक्रवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बीएलडब्ल्यू परिसर में नीम, पीपल, गुलमोहर और पाकड़ समेत विभिन्न प्रजातियों के 101 पौधे रोपे।

किडनी रोगियों को मिलेगी राहत सीएचसी चौकाघाट में बढ़े चार बेड

जासं, वाराणसी : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौकाघाट में डायलिसिस सुविधा का विस्तार होने जा रहा है। यहां वर्तमान में उपलब्ध छह बेड की संख्या बढ़ाकर दस की जाएगी। इस फैसले से किडनी रोगियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अस्पताल में रोजाना करीब 200-400 मरीजों की ओपीडी होती है। ऐसे में कई किडनी के गंभीर मरीजों को डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में सीमित बेड के कारण कई मरीजों को लंबे इंतजार के बाद भी समय पर डायलिसिस नहीं मिल पाता, जिसके चलते वे निजी अस्पतालों का रुख करने को मजबूर हो जाते हैं वहां भारी फीस चुकानी पड़ती है, जबकि चौकाघाट सीएचसी में यह सुविधा पूरी तरह निश्शुल्क उपलब्ध है।

> बेड की संख्या बढ़ाने से अधिक मरीजों की डायलिसिस संभव हो सकेगी। मरीजों को दूर के अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। समय पर इलाज मिल सकेगा। कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उम्मीद है कि एक माह में नई सुविधा उपलब्ध होगी। चौकाघाट सीएचसी क्षेत्र के मरीजों के लिए स्वास्थ्य केंद्र है। यहां आने वाले मरीज आसपास के इलाकों से होते हैं। डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों और उनके परिजनों का समय व खर्च भी बचेगा। - डा. फाल्गुनी गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी चौकाघाट।

KANPUR SMART CITY LIMITED
3rd Floor, Nagar Nigam Mukhyalaya, Motijheel, Kanpur-208002
Phone- +91-7007876185, E-mail: ksclkanpur@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER

The Chief Executive Officer (CEO), Kanpur Smart City Ltd.(KSCL) Invites Tender for the below mentioned work under Smart City Mission:-

S. No.	Name of Project	Tender Fees Non-Refundable	Earnest Money Deposit	End Date for Bid Submission	Technical Bid Opening Date
1	Selection of System Integrator for taking over existing Kanpur integrated Smart Solutions and providing comprehensive Operation & Maintenance for 3 Years.	₹ 25,000.00 + ₹4,500.00 = ₹ 29,500.00	₹ 51,00,000.00	11-09-2026 at 15:00 Hrs. (IST)	11-09-2026 at 16:00 Hrs. (IST)

a) Tender documents can be downloaded from website https://gem.gov.in/.
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of Bank Guarantee/Insurance Surety Bond/FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The last date of for pre-bid queries is 24.08.2026 till 11:00 AM through e-mail on ksclkanpur@gmail.com and Pre-bid meeting (24.08.2026 Time 03:00 PM) will be held at **CEO Office, Kanpur Smart City Limited, 3rd Floor, Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No.- +91-7007876185**.
d) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents **is 15.09.2026 till 17:00Hrs. (IST)**.
e) For more details contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Contact No.- +91-9839121096 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

Chief Executive Officer
Kanpur Smart City Limited

बिहार सरकार
निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, -सह-पीठासीन पदाधिकारी, कोर्ट नं0-05,औरंगाबाद।

अतिआवश्यक सूचना
प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन के जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। वादी नोटिस प्राप्त करने के बावजुद उपस्थित नहीं हुए है जिसके कारण अत्पाद अधिहरण वाद में अग्रेत्तर कारवाई में विलम्ब हो रहा है साथ ही साथ सभी वाहन/भूमि मकान मालिकों को मधनिषेध अधिनियम 2022 की नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र 4 में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन का नवीनतम बीमाकृत मूल्य का 10 प्रतिशत या पाँच लाख के अन्दरपेनाल्टी के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख)के तहत भू स्वामी से प्रपत्र 5 में आपेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भूगतान नर जप्त/सिल परिसर को छोडने का प्रावधान है, जिसकी सुनवाई की तिथी 03.09.2026 में निर्धारित की गई है।

अधिहरण हेतु वाहन/भूमि मकान की सूची निम्न प्रकार है:-

क्र0 स0	उत्पाद अधिहरण वाद संख्या	थाना काण्ड सं0/उत्पाद संख्या	वहन स्वामी/भूमि स्वामी का पूर्ण पता	जब्त वाहन का निबंधन संख्या/भूमि का खाता, प्लौट संख्या
1	वाद सं0-89/26	दाउदनगर थाना काण्ड सख्या 76/25	प्रदीप, पिता-यमुना प्रसाद, ग्राम-हाउस नं0 जेबी 72 दिगिया अंश जैतपुर वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	हिरो स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन स0 UP65BY-8359
2	वाद सं0-86/26	मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 18/26	शमशेर सिंह, पिता-बाबूलाल सिंह ग्राम-पचवनिया, थाना-चकिया, जिला -चंदौली (उत्तर प्रदेश)	पिक अप निबंधन सं0 UP67BT-2091

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा अपने उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जायेगा।

निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण
-सह-पीठासीन पदाधिकारी,
उत्पाद न्या0 कोर्ट न0-05,औरंगाबाद।

PR- 010310 (EXCISE) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Uttar Pradesh New and Renewable Energy Development Agency (UPNEDA)
(Deptt. of Additional Sources of Energy, Govt of U.P.)
Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow,-226010
TeleFax : 0522-2720779,2720829, Mobile No : 9415609006
Website : www.upneda.org.in, E-Mail : ho_ajay@rediffmail.com

Notice Inviting Tender

UPNEDA invites Online Bids from Prospective Bidders through e-tender Portal for **Supply, erection, testing and commissioning including comprehensive warranty maintenance for 5 years of Solar Power Plant under Capex Mode at various Government buildings in the State of Uttar Pradesh as per specification given in Scope of Work of Bid Document.**

S. No.	Description	Capacity	Estimated Cost including GST (Rs)
	ON GRID SOLAR ROOFTOP POWER PLANT		
1	1kW to 10 kW	5 MW	Rs 26.32 Crore
2	11kW to 100 kW	5 MW	Rs 25.07 Crore
3	101kW to 500 kW	1 MW	Rs 4.07 Crore
	OFF GRID SOLAR POWER PLANT		
4	1kW to 10 kW	1 MW	Rs 10.14 Crore
5	11kW to 50 kW	1 MW	Rs 9.47 Crore
6	51kW to 75 kW	0.5 MW	Rs 4.64 Crore
	HYBRID SOLAR POWER PLANT		
7	1kW to 10 kW	1 MW	Rs 10.34 Crore
8	11kW to 50 kW	1 MW	Rs 9.62 Crore
9	51kW to 75 kW	0.5 MW	Rs 4.70 Crore

The work completion time for all the above work is 4 (four) month from the date of issuance of work order. The Bid document is available at e-tender Portal from 22.08.2026 Interested bidders may view, download the Bid document, seek clarification and submit their Bid through e-tender Portal (https://etender.up.nic.in) upto the date and time mentioned in the table below:

(a)	Availability of tender document on e-tender Portal	From : 22.08.2026
(b)	Bid submission end date & Time	On: 15.09.2026 upto 6:00 pm
(c)	Pre Bid Meeting	On: 27.08.2026 at 12:30 pm
(d)	Online technical Bid Opening date & time	On: 16.09.2026 at 11:30 am
(e)	Financial Bid Opening date & time (Only of technically qualified bidders)	Shall be intimated later
(f)	Venue of opening of technical & financial Bids	UPNEDA Head Office, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010

Director, Uttar Pradesh New and Renewable Energy Development Agency, (UPNEDA) reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason thereof. The decision of Director UPNEDA will be final and binding.

Director, UPNEDA

हमारा प्रण ऊर्जा संरक्षण

उ० प्र० लोक सेवा आयोग
संक्षिप्त विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कॉलेज मुख्य परीक्षा-2025** के कुल-15 विषयों (समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, नागरिकशास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, इतिहास, जीव विज्ञान, हिन्दी, उर्दू, संस्कृत एवं प्राध्यापक, जेल प्रशिक्षण विद्यालय के मनोविज्ञान एवं अपराध विज्ञान और दण्ड शास्त्र) की परीक्षा **दिनांक 30 व 31 अगस्त, 2026** को प्रदेश के प्रयागराज व लखनऊ जनपद में आयोजित होनी है। उक्त परीक्षा से संबंधित प्रवेश पत्र एवं विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

संख्याः 01(XV)/01/DR(GIC MAINS-2025)/एस-4/2026-27 (धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी)
दिनांकः प्रयागराज, 21 अगस्त, 2026 उपसचिव

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-वाराणसी

ई-निविदा सूचना : 23/EDC(V) 2026.27 दिनांक : 21.08.2026

कार्य का नाम : विद्युत वितरण मण्डल, वाराणसी के अन्तर्गत पॉवर परिवर्तकों पर लगे लाइटिंग अरेस्टरों (LA) के पृथक डेल्टा अर्थिंग का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु. 3540.00	धरोहर राशि : रु. 15,800

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 05.09.2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

पत्रांक : 4705-एम/वि.वि.म. (वा.)/टी-35, दिनांक 21.08.2026 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'।

एनटीपीसी NTPC — एन टी पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

जिस किसी से भी संबंधित हो

एनटीपीसी-विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से पात्र परियोजनाओं जैसे सड़क परियोजनाएँ/माइन बैकफिलिंग एवं ओबी निक्सिंग/तटीय संरक्षण आदि हेतु फ्लाई ऐश निःशुल्क उपलब्ध कराने संबंधी सूचना (प्रचलित पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना एवं नीति के अनुसार)-वित्तीय वर्ष 2026-27

सूचना संख्या : VSTPS/POND ASH/2026-27/02 दिनांक : 22.08.2026

यह सूचना फ्लाई ऐश उपयोग पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राजपत्र अधिसूचना दिनांक 31.12.2021 के अनुपालन में है, जो सड़क बिछाने, सड़क एवं फ्लाईओवर तटबंधों, तटीय जिलों में तटरेखा संरक्षण संरचनाओं तथा बाँधों जैसी निर्माण गतिविधियों में संलग्न एजेंसियों के लिए है, जो एनटीपीसी विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से 300 किमी. की परिधि के भीतर हैं।

निर्माण गतिविधियों जैसे सड़क परियोजना/खान बैकफिलिंग एवं ओबी निक्सिंग/तटरेखा संरक्षण आदि के लिए ऐश की आवश्यकता रखने वाले 300 किमी. की परिधि के भीतर के इच्छुक ऐश उपयोगकर्ता, ऐश आपूर्ति के लिए अपनी आवश्यकता प्रस्तुत कर सकते हैं। एनटीपीसी विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट ऐश **'निःशुल्क'** तथा **'जहाँ है, जैसा है'** आधार पर आपूर्ति कराएगा तथा परिवहन लागत वहन करेगा।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकताएँ निर्धारित मानक प्रारूप में **hemantmeena@ntpc.co.in / smpandey@ntpc.co.in** पर **01.09.2026 को 18 बजे तक** प्रस्तुत करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया 9413354884 अथवा 9650997385 पर संपर्क करें।

इस सूचना के लिए प्रस्तावित फ्लाई ऐश की मात्रा 'सामान्य जानकारी' में संपर्क विवरण तथा ई-मेल पते सहित उल्लिखित है।

आवेदन कैसे करें

इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे 'सामान्य जानकारी' में दिए गए ई-मेल पतों पर निर्धारित मानक प्रारूप में अपनी आवश्यकताएँ प्रस्तुत करें।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए **'सामान्य जानकारी'** तथा **'आवेदन के लिए मानक प्रारूप'** **https://ntpctender.ntpc.co.in/** पर अपलोड किए गए हैं।

पंजी. कार्यालय : एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 **वेबसाइट www.ntpc.co.in, सीआईएन :** L40101DL1975GOI007966

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी